# समाहरणालय, पटना
## सामान्य शाखा

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in


## बिस्कोमान के निदेशक मंडल एवं पद धारकों के निर्वाचन हेतु

## सूचना

सहकारी निर्वाचन प्राधिकार सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश पत्रांक CEA-12011/25/2024 दिनांक 20.09.2024 के द्वारा बिस्कोमान के निदेशक पर्षद् एवं पदधारक के निर्वाचन हेतु जिला पदाधिकारी, पटना को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त निर्वाचन बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित–2023)/बहुराज्य सहकारी समिति नियमावली, 2002 (यथासंशोधित–2023) एवं बिस्कोमान की उपविधि के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत सम्पन्न होगा।

भारत सरकार, (सहकारिता मंत्रालय) के सहकारी निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निर्गत CEA-12011/25/2024, दिनांक 20.09.2024 एवं संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम CEA-12011/25/2024, दिनांक 08.11.2024 सुलभ प्रसंग हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है। निर्वाचन कार्यक्रम निम्नवत है:–

**निदेशक मंडल/पदधारको के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम**

| क्र.सं. | कार्यक्रम का विषय | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | औपबंधिक डेलीगेट्स सूची का प्रकाशन | 24.12.2024 | पूर्वाहन 11:00 बजे | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान पटना के प्रथम तल स्थित सामान्य शाखा/बिस्कोमान मुख्यालय एवं बिस्कोमान के क्षेत्रीय कार्यालय के सूचना पट्ट/बिस्कोमान वेबसाईट पर। |
| 2 | औपबंधिक डेलीगेट्स सूची पर आपत्तियाँ | 26.12.2024 से 29.12. 2024 | 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक (प्रतिदिन) | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के प्रथम तल पर अवस्थित सामान्य शाखा, पटना में प्राप्त किया जायेगा। |
| 3 | औपबंधिक सूची पर प्राप्त आपत्तियों की जाँच (यदि कोई हो) | 30.12.2024 से 01.01.2025 | 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के पंचम तल पर स्थित सभागार। |
| 4 | मतदान योग्य अंतिम डेलीगेट्स लिस्ट का प्रकाशन | 01.01.2025 | अपराह्न 05:00 बजे | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान पटना के प्रथम तल स्थित सामान्य शाखा/बिस्कोमान मुख्यालय एवं बिस्कोमान के क्षेत्रीय कार्यालय के सूचना पट्ट/बिस्कोमान वेबसाईट पर। |
| 5 | नामांकन | 06.01.2025 से 09.01. 2025 | पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे (प्रतिदिन) | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के पंचम तल पर स्थित सभागार। |
| 6 | नामांकन सूची का प्रदर्शन | 09.01.2025 | अपराह्न 05:00 बजे तक | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान पटना के प्रथम तल स्थित सामान्य शाखा। |
| 7 | नामांकन पत्रों की संवीक्षा | 10.01.2025 | पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के पंचम तल पर स्थित सभागार। |
| 8 | वैध नामांकन सूची का प्रकाशन | 10.01.2025 | अपराह्न 05:00 बजे | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान पटना के प्रथम तल स्थित सामान्य शाखा। |
| 9 | नामांकन की वापसी | 11.01.2025 | अपराह्न 05:00 बजे तक | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान पटना के प्रथम तल स्थित सामान्य शाखा। |

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | निर्वाचन योग्य उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन | 11.01.2025 | अपराह्न 06:00 बजे से | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान पटना के प्रथम तल स्थित सामान्य शाखा। |
| 11 | निर्वाचन (यदि आवश्यक हो) | 16.01.2025 | पूर्वाहन 08:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक | श्री कृष्ण स्मारक भवन, गाँधी मैदान, पटना (SK Memorial Hall) |
| 12 | मतगणना | 16.01.2025 | मतदान की समाप्ति के तत्काल बाद | श्री कृष्ण स्मारक भवन, गाँधी मैदान, पटना (SK Memorial Hall) |
| 13 | परिणाम की घोषणा | 20.01.2025 | सहकारी निर्वाचन प्राधिकार नई दिल्ली की अनुमति के पश्चात् | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के पंचम तल स्थित सभागार। |

**पद धारकों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम :–**

| क्र.सं. | कार्यक्रम का विषय | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा<br>i. नामांकन का समय<br>ii. नामांकन वापसी<br>iii. उम्मीदवारों की सूची का प्रदर्शन | 21.01.2025 | निदेशक मंडल के सदस्यों के परिणाम की घोषणा के बाद | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के पंचम तल स्थित सभागार। |
| 2 | नव गठित बोर्ड की बैठक एवं मान्य नामांकन सूची का प्रकाशन एवं मतदान (यदि आवश्यक है) | 22.01.2025 | 11:00 बजे पूर्वाहन से समाप्ति तक | नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के पंचम तल स्थित सभागार। |
| 3 | पद धारकों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा | | अपराह्न 05:00 बजे | सहकारी निर्वाचन प्राधिकार नई दिल्ली की अनुमति के पश्चात्। |

1. उक्त निर्वाचन बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित–2023)/बहुराज्य सहकारी समिति नियमावली, 2002 (यथासंशोधित–2023) एवं बिस्कोमान की उपविधि के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत सम्पन्न किया जाना है।
2. बहुराज्य सहकारी अधिनियम,(MSCS ACT) 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा–41 एवं तत्संबंधी बिस्कोमान की उपविधि की कंडिका–27 के प्रावधानों एवं निर्वाचन प्राधिकार के उक्त आदेश के आलोक में निदेशक मंडल के गठन हेतु कुल संख्या–17 (सत्तरह) निदेशको का निर्वाचन किया जायेगा, जिसमें 02 पद महिलाओं के लिए तथा 01 पद अनुसूचित जाति/जन जाति के लिए आरक्षित होगा।
3. बिस्कोमान से सम्बद्ध तथा जिला स्तरीय निर्वाचन के फलस्वरूप निर्वाचित वर्ग A एवं वर्ग B के प्रतिनिधियों के बीच से निम्नलिखित रूप से निर्वाचन कराया जायेगा:–

i वर्ग A के प्रतिनिधियों के बीच से कुल 15 निदेशकों का निर्वाचन होगा। (उपविधि 27(1) )

ii. वर्ग B के प्रतिनिधियों के बीच से कुल 02 निदेशकों का निर्वाचन होगा। (उपविधि 27(1) )

iii. सहकारी निर्वाचन प्राधिकार के पत्रांक CEA-12011/25/2024, दिनांक 20.09.2024 के एवं बिस्कोमान की उपविधि–20 के प्रावधानों के आलोक में कुल 17 निदेशकों का निर्वाचन निम्नलिखित रूप से होगा।

(A) वर्ग A के प्रतिनिधियों के बीच से कुल 15 पदों पर निर्वाचन होगा
जिसमें 01 (एक) पद SC/ST के लिए तथा 2 (दो) पद महिलाओं के लिए आरक्षित होगा।

(B) वर्ग B के प्रतिनिधियों के बीच से 2 पद पर निर्वाचन होगा।

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

iv. उपरोक्त रूप से निर्वाचित 17 निदेशको के बीच से एक अध्यक्ष एवं एक उपाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। (अधिनियम की धारा 49 (2) (aa) एवं सहकारी निर्वाचन प्राधिकार का आदेश CEA-12011/25/2024, दिनांक 20.09.2024 एवं बिस्कोमान की उपविधि संख्या–27 द्रष्टव्य
अध्यक्ष के निर्वाचन में MSCS Act की धारा 44 के प्रावधान प्रभावी होंगे।

v. निदेशक पर्षद के सदस्य (निदेशक) बनने हेतु शेयर धारण संबंधी योग्यता :–

A. वर्ग A से उन्हीं समितियों के प्रतिनिधि निदेशक पद के योग्य होंगे जिन समितियों की हिस्सापूँजी कम से कम 15 शेयर या उससे अधिक होगी अर्थात् 15,000.00 या उससे अधिक की हिस्सापूँजी हो (उपविधि संख्या–16a(1) )

B. वर्ग B से उन्हीं समितियों के प्रतिनिधि निदेशक पद के योग्य होंगे, जिनकी समितियों द्वारा न्यूनतम 02 या उससे अधिक शेयर धारक किया गया हो अर्थात् 2000.00 या उससे अधिक की हिस्सापूँजी हो (उपविधि संख्या–16a(1) )

4. बिस्कोमान के निदेशक पर्षद के सदस्य (निदेशक) हेतु निर्वाचन से संबंधित सभी डेलीगेटस (प्रतिनिधि) की योग्यता/अयोग्यता बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा–43 एवं 44 के प्रावधानों एवं बिस्कोमान उपविधि 28 के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रभावी होंगे। (सुलभ प्रसंग हेतु अधिनियम की धारा 43 एवं 44 तथा बिस्कोमान उपविधि–28 की प्रतिलिपि संलग्न) ।

5. दिनांक 24.12.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रतिनिधि (डेलीगेट्स) के औपबंधिक सूची का प्रकाशन नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के प्रथम तल पर एवं बिस्कोमान मुख्यालय के सूचना पट/बिस्कोमान के अधिकारिक वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।

6. औपबंधिक प्रतिनिधि सूची पर आपत्तियाँ नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के प्रथम तल पर स्थित सामान्य शाखा में दिनांक 26.12.2024 से दिनांक 29.12.2024 तक पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। आपत्तियाँ हाथो–हाथ स्वीकार की जायेगी।

7. विहित प्रपत्र (फार्म III) में नामांकन दाखिल किया जायेगा। नामांकन पत्र के साथ शपथ–पत्र (नोटरी से) को भी संलग्न किया जायेगा। नामांकन प्रपत्र एवं शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।

8. नामांकन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा वर्ग(वर्ग A/वर्ग B/महिला/SC/ST) अंकित किया जाना अनिवार्य होगा ताकि यह स्पष्ट हो सके कि अभ्यर्थी किस वर्ग के लिए उम्मीदवार है। नामांकन पत्र पर एक प्रस्तावक एवं एक समर्थक का हस्ताक्षर/पता एवं मतदाता सूची क्रम संख्या अंकित किया जायेगा। प्रस्तावक/समर्थक का नाम अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में अंकित होना अनिवार्य होगा। नामांकन पत्र नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान पटना के पंचम तल पर स्थित सभागार में निर्वाची पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी, पटना/निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा प्राप्त किये जायेंगे।

9. **संवीक्षा**:–नामांकन पत्रों की जाँच नया समाहरणालय भवन, गाँधी मैदान, पटना के पंचम तल पर स्थित सभागार में निर्धारित तिथि–10.01.2025 को की जायेगी।

10 **अभ्यर्थिता वापसी**:–अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित तिथि को विहित प्रपत्र में स्वयं या विधिवत प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हाथों–हाथ निर्धारित कार्यालय में उपलब्ध कराया जायेगा (प्रपत्र संलग्न) हैं।

11 **मतदान की प्रक्रिया** :–

a. वर्ग A, वर्ग B, SC/ST एवं महिला उम्मीदवारों के लिए अलग–अलग मतपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे।

b. प्रत्येक मतपत्र में उम्मीदवारों का नाम वर्णक्रम में अंकित किया जायेगा।

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in


c. मतदाताओं द्वारा इच्छुक उम्मीदवारों के नाम से समक्ष क्रास (x) का चिन्ह लगाकर मत दिया जायेगा।

d. जिस श्रेणी में जितने पद है, अधिकतम उतने उम्मीदवारों के नाम के समक्ष क्रास (x) किया जायेगा।

उदाहरण के लिए वर्ग B में दो पद है, तो मतदाताओं द्वारा अधिकतम दो उम्मीदवारों के नाम के समक्ष क्रास (x) का चिन्ह लगाया जायेगा। इससे अधिक उम्मीदवार के नाम के समक्ष क्रास (x) करने पर मत पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

e. सही पहचान हेतु डेलीगेट्स (मतदाता) जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत मूल निर्वाचन प्रमाण–पत्र एवं फोटो युक्त पहचान पत्र साथ रखेंगे।

12. बिस्कोमान सामान्य निकाय की बैठक एवं निर्वाचन निर्धारित तिथि/समय पर श्री कृष्ण स्मारक भवन, गाँधी मैदान, पटना SK Memorial Hall) में सम्पन्न होगा। मतदान के पश्चात् तुरन्त मतगणना SK Memorial Hall में हीं सम्पन्न होगी।

13. बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप बहुराज्य सहकारी समिति ... नियम 2002 (यथासंशोधित–2023) के नियम 19 J के आलोक में नामांकन दाखिल किया जाना है। संबंधित नामांकन प्रपत्र–III एवं शपथ–पत्र को प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान, पटना के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

14. निदेशक पर्षद के सदस्य (निदेशक) तथा पदधारकों का निर्वाचन बहुराज्य सहकारी सोसाइटी नियम, 2002 (यथासंशोधित–2023) के नियम 19 H से 19 P एवं अन्य सुसंगत नियमों के आलोक में सम्पादित किया जायेगा।

अनुरोध है कि संलग्न कार्यक्रम अनुसार निर्धारित तिथि/समय/स्थान पर बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद सदस्य तथा पदधारक के पद पर निर्वाचन हेतु संलग्न कार्यक्रम के अनुसार भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

**<u>अनुलग्नक :–</u>**

1. सहकारी निर्वाचन प्राधिकार का पत्रांक CEA-12011/25/2024, दिनांक 20.09.2024
2. सहकारी निर्वाचन प्राधिकार का पत्रांक CEA-12011/25/2024, दिनांक 08.11.2024
3. बिस्कोमान की उपविधि संख्या–16, 20, 27 एवं 28
4. MSCS Act की धारा 43 एवं 44
5. नामांकन फार्म (प्रपत्र III का प्रारूप)
6. शपथ–पत्र का प्रारूप
7. अभ्यर्थिता वापसी हेतु प्रपत्र

विश्वासभाजन,

ह०/–
जिलाधिकारी
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड)

# समाहरणालय, पटना
## सामान्य शाखा

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in


ज्ञापांक – 3027 दिनांक – 19.12.24

प्रतिलिपि –

1. बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) के सामान्य निकाय की विशेष आम–सभा एवं निर्वाचन हेतु निर्वाचित (जिला स्तरीय निर्वाचन से निर्वाचित) सभी डेलीगेट्स (प्रतिनिधि)
2. सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, 9th Floor, Tower E, World Trade Center, Nauroji Nagar, New Delhi-110029 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. प्रशासक, बिस्कोमान, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित हैं कि सभी संबंधित डेलीगेट्स को ससमय सूचना उपलब्ध कराते हुए तामिला प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

19.12.24
जिलाधिकारी
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड)

No. CEA-12011/25/2024
Government of India
Ministry of Cooperation
The Co-operative Election Authority

09th Floor, Tower E, World Trade Centre
Nauroji Nagar, New Delhi -110029

Dated: 20 September, 2024

## ORDER

**Sub: Appointment of "Returning Officer" and the "Election Programme" for Conduct of Elections of the Bihar State Cooperative Marketing Union Ltd, BISCOMAUN**

In exercise of the powers conferred by Section 45 K (1) of the Multi-State Co-operative Societies (MSCS) Act 2002, as amended by the MSCS amendment Act 2023 read with Rule 19F (a) of the MSCS Rules 2002, as amended with MSCS Rules in 2023, the Co-operative Election Authority hereby appoints **District Magistrate/Collector, Patna** as Returning Officer for conducting Elections as under:

| Elections of the Bihar State Cooperative Marketing Union Ltd, BISCOMAUN | | | |
|---|---|---|---|
| Number of Board of Directors (17) | General -14 | SC/ST -01 | Women – 02 |
| Office Bearers (2) | (i) Chairman -01 & (ii) Vice Chairman- 01 | | |

1.1 RO may submit proposal for appointment of adequate number of ARO.

2. The Constituency shall be as per registered and approved Bye-Laws of the Society.

3. Further, in view of Rule 19(H)(2) of the MSCS Rules 2002 as amended in 2023 with MSCS Rules as 2023, the Election Programme for conducting election of the afore-mentioned Society is enclosed for further necessary action. RO is requested to ensure the election is conducted as per the MSCS Act, 2002 and Rules framed thereunder.

4. After conduct of Elections of Board of Directors, the RO is mandated to submit the requisite details in Format 19 M (for members of the Board of Directors) under rule 19 M for seeking **prior approval** of the Co-operative Election Authority.

5. After conduct of elections of Office Bearers, the RO shall submit the requisite details in Format 19-N for seeking **prior approval** of CEA before declaration of results.

6. Returning Officer shall ensure that the Society prominently displays the List of **Eligible Voters, Election Programme and Final List of the Contesting Candidates,** and other related important documents on the website of the Society for enabling free, fair and transparent elections.

7. Wide publicity be given for holding of Elections in terms of provision of the MSCS Act and the rules framed thereunder.

8. Instructions for filling-up of the Format- M and N have been appended below the Format M and N, the same should be scrupulously followed by the Returning Officer.

9. In order to conduct free & fair election of delegates at district level, it has been decided by CEA under Rule 19F (a) to conduct election under the supervision of state / Central Government Officers. Therefore, RCSs of both the States are requested to deploy serving District Cooperative Officers or any other competent serving officer of equivalent rank posted in the district for conducting the delegate elections under intimation to DM & RO, Patna. Such officers shall work under the general superintendence & control of DM, Patna for the purpose of conduct of delegate elections

Cooperative Election Authority * New Delhi *

By Order

20/09/2024

Ved Prakash Dwivedi
Assistant Registrar (Cooperation)

To,

District Magistrate (Patna),
96, Mazharul Haque Path,
Rajapur, Raja Ji Salai, Indira Nagar,
Patna, Bihar – 800 001
E-Mail ID – ddc-patna-bih@nic.in

Copy to:

1. Administrator, BISCOMAUN, Biscomaun Tower, West Gandhi Maidan, Patna, Bihar – 800 001. E-Mail ID – biscomaun@gmail.com
2. The Chief Executive Officer/Managing Director of Bihar State Cooperative Marketing Union Ltd, BISCOMAUN, Biscomaun Tower, West Gandhi Maidan, Patna, Bihar – 800 001. E-Mail ID – biscomaun@gmail.com & info@biscomaun.co.in **This Order, List of Voters, Election Programme and final list of contesting candidates must be displayed on Official Website of the Society. It is Mandatory.**
3. The Registrar of Cooperative Societies, Govt. of Bihar, Email- cooperative-bih@nic.in
4. The Registrar of Cooperative Societies, Govt. of Jharkhand. Email-jharkhand.coopregsitrar@gmail.com
5. The Central Registrar of Cooperative Societies. Email-as-cooperatiion@gov.in – for info please

अनुलग्नक -02

No. CEA-12011/25/2024
Government of India
Ministry of Cooperation
Office of Co-operative Election Authority
******

9th Floor, Tower-E, World Trade Center,
Nauroji Nagar, Delhi-110029
Dated: 08th November, 2024

# Revised Election Program

Attachment of the letter no. CEA-12011/25/2024 dated 08th Nov, 2024 for conduct of election

## (A) General Information

| | |
|---|---|
| Name of MSCS | Bihar State Cooperative Marketing Union Ltd, BISCOMAUN |
| Returning Officer | DM /DC Patna |
| Number of directors to be elected | 17 (14 General, 2 Women & 1 SC/ST) |
| Operation Area | Bihar & Jharkhand |
| Regular Member / Delegate | 1641 Societies |
| Polling Booth | Adequate number of polling booth to be setup, if polling is held |

## (B) Election program for Board of Directors

| SL. No. | Particulars | Date | Remark |
|---|---|---|---|
| 1 | Last date for receiving of resolutions / name of the delegate Member-Society /Organisation | 16th December, 2024 (Monday) On or before | By 5 PM |
| 2 | Publication of Provisional List of Members / Delegates, Eligible to Vote | 24th December, 2024 (Tuesday) | 11:00 AM |
| 3 | Time Window for Raising Objection to the Provisional List | 26th December, 2024 to 29th December, 2024 (Thursday to Sunday) | 11:00 AM to 3:00 PM (Every Day) |
| 4 | Scrutiny of objection received to the Provisional List (if any) | 30th December, 2024 to 01st January, 2025 (Monday to Wednesday) | 11:00 AM to 3:00 PM (Every Day) |
| 5 | Publication of Final List of Members / Delegates, Eligible to Vote | 01st January, 2025 (Wednesd) | 5:00 PM |
| 6 | Issue and Filing of Nomination Form | 06th January, 2025 to 09th January, 2025 (Monday to Thursday) | 11:00 AM to 3:00 PM (Every Day) |
| 7 | Display on Notice Board of the Society (at a conspicuous place) Nominations Forms received by Returning Officer | 09th January, 2025 (Thursday) | 5:00 PM |
| 8 | Scrutiny of Received Nomination Forms | 10th January, 2025 (Friday) | 11:00 AM to 3:00 PM |
| 9 | Publication of List of Valid Nominations | 10th January, 2025 (Friday) | 5:00 PM |
| 10 | Withdrawal of Nominations | 11th January, 2025 (Saturday) | Up to 5PM |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | Publication of Final List of Contesting Candidates | 11th January, 2025 (Saturday) | 6 PM Onwards |
| 12 | Date of Polling, if Necessary | 16th January, 2025 (Thursday) | 8:00 AM to 02:00 PM and all those who have entered polling station at 02 PM or before should be allowed to cast vote |
| 13 | Counting of votes | 16th January, 2025 (Thursday) | Immediate after polling |
| 14 | Declaration of Result of Board of Directors | 20th January, 2025 (Monday) | After approval of Cooperative Election Authority, New Delhi on Format 19M |
| | **(C) Election program of Office Bearer** | | |
| 1 | Announcement of Election Schedule<br>I. Time window for filing Nomination<br>II. Time window for withdrawal<br>III. Display of list of the Contesting candidate | 21st January, 2025 (Tuesday) | After Declaration of Result of Board Members' Election |
| 2 | Meeting of Newly Constituted Board & Publication of List for valid Nominations, Polling (if required | 22nd January, 2025 (Wednesday) | 11:00 AM Onwards |
| 3 | Declaration of Result of Election of Office Bearers | After approval of Cooperative Election Authority, New Delhi on Format 19N | |

This issues with the approval of Cooperative Election Authority.

28/11/2024

वेद प्रकाश द्विवेदी / Ved Prakash Dwivedi
Assistant Registrar (Cooperation)
Government of India
सहकारिता मंत्रालय / Ministry of Cooperation
अटल अक्षय ऊर्जा भवन / Atal Akshay Urja Bhawan
लोधी रोड, नई दिल्ली / Lodhi Road, New Delhi-110003

Cooperative Election Authority * New Delhi *

अनुलग्नक - 3

**14.Conversion of Shares:**

(i) The Board may on application approve conversion of shares, or a part thereof allotted to it, into those of other denominations subject to such conditions as the Board may decide to impose;

(ii) Consolidate all or some of the partly paid Shares already allotted tomember.

**15. Authorised Share Capital:**

The authorized share of BISCOMAUN shall be Rs. 500 crores divided into 50 lacs shares of Rs. 1000/- each. BISCOMAUN may at its discretion increase the Authorised share Capital as may be deemed expedient by resolution of General Body by way of amendment and subject to the approval of the Central Registrar.

**16.Subscription of Share Capital :**

(a) A person desirous to be member shall subscribe to minimum number of shares in the following manner:

(i) It shall be incumbent on the Societies falling under Class "A" to subscribe a minimum fifteen shares and for societies falling under Class "B" minimum two shares. Representatives of societies which do not subscribe above mentioned minimum number of shares, although shall beeligible to exercise rights of members but shall not be eligible to contest the election for the post of Director of the Managing Committee ofBISCOMAUN.

(ii) NO member can hold shares exceeding 1/5th of the total Share Capital of BISCOMAUN except for member as may be enrolled as per Section 25 (C) to. (g) of the Act.

(iii) The full value of the share shall be paid upon allotment of shares.

(iv) The liability of member shall be limited to the value of share/ shares held by him.

(b) (i) The Board may, from time to time, make such call or calls, as it may deem fit, in respect of the amounts remaining unpaid on the shares held by the members. Every member shall pay such call money within the period mentioned in the call notice;

(ii). If a member fails to pay the amount within the period specified in the call notice, BISCOMAUN shall issue another notice informing the member that in the event of non-payment of call money within 30 days of the notice, the shares, in respect of which such notice is issued, will be liable to be forfeited to BISCOMAUN.

(iii) If a member does not pay the call amount even within the time specified in the second notice aforesaid, the Board of Directors may, by a resolution, order the forfeiture of the shares in respect of which the noticewas issued;

(iv) Every forfeited share shall be the property of BISCOMAUN, and may at any time, be allotted or otherwise disposed of in such manner as the Board may think fit. Provided, however, that at any time before the disposal of the shares, the Board nay cancel such forfeiture on such terms and conditions as it may think fit.

(c) Every person admitted as member shall be entitled to receive a share certificate, gratis stating the number of share/s and their distinctive number/s. The share certificates shall be signed jointly by the Chairman/Vice-Chairman, and the Managing Director. The Share Certificate shall bear the Society's Seal.

(d) BISCOMAUN shall have the first and paramount lien or charge upon all the shares and deposits of any members or past member for all money s due from him from time to time. The Society may at any time set off any sum credited by or payable to the member or past member toward payment of any liability of such member as past member.

(e) BISCOMAUN may retire the shares held by non-cooperative members like Govt. of India, State Government and the Public Financing Institutions to the extent that the co-operative members subscribe to the equity of BISCOMAUN in order to facilitates greater participation and representation of Cooperative members in BISCOMAUN.

Provided that redemption of share (partially or fully) shall be in the manner as prescribed in section 35 of the Act.

**17.Issue of Duplicate Shares:**

(i) If any certificate be wornout, defaced, destroyed or lost, a new share certificate may be issued in lieu thereof, on payment of a fee of Rs.5/- per share. It shall, however, be necessary to produce evidence to the satisfaction of the Board of Directors that the share certificates werewornout, defaced, destroyed or lost, or in absence of such evidence, on such indemnity as the Board of Directors may deem sufficient.

(ii) Manner of allotment, transfer, redemption and / or repatriation shall be at face value and as per the provisions of the Act.

**18.Capital and Funds:**

BISCOMAUN may receive funds from any or all the following sources:

(i) Admission fee;
(ii) Share Capital;
(iii) Loans and Deposits;
(iv) Grants-in-Aids;
(v) Donations;
(vi) Contributions;
(vii) Subscriptions;
(viii) Profit/income over expenditure
(ix) Debentures, Bonds and Commercial papers

**19.Maximum Borrowing Limit:**

BISCOMAUN shall be eligible to receive deposits and loans from members and others up to such limit and in the manner as permitted and prescribed in the Act and the Rules.

**20.Representation on the General Body:**

(i) Delegates to the General meeting of the BISCOMAUN shall be elected district-wise from among the individual share holders from the district and the representatives of the share holder Societies in the district except one holding 'C' class shares.

(ii) As for the society members in a district are concerned, they shall be entitled to send one representative each, duly authorised by a resolution ofthe General Body or its Managing Committee to elect the delegates from the district to the General Meeting of the union (BISCOMAUN).

(iii) From the each district there shall be one delegate for the General meeting of the Union to be elected by and from the individual members and the representatives of such societies which are 'B' Class share holders of the Union from the district.

(iv) From the representatives of the 'A' Class share holders in each district shall elect from among themselves delegates to the General Body of the Union at the rate of one for every three 'A' Class share holders or part thereof, subject to a maximum of seven per district.

Provided that, representation on the General Body of BISCOMAUN shall be governed by the provisions of Section 38 (3) of the MSCS Act. Further, out of the delegates elected from 'A' Class share holders of a district at least one shall be from schedule caste or schedule tribe, if representative of that category is available from the 'A' Class members of the district.

Provided further that Societies which belongs to Category "A",either registered under the Bihar Co-operative Societies Act, 1935 orregistered under the Bihar Self Supporting Co-operative Societies Act, 1996 having area of operation for a District or Division or State level shallbe entitled to send representatives directly in general body meeting if they holds a minimum of hundred shares of the BISCOMAUN.

(v) The Central Government, State Govt. and other organizations eligible to send representatives as per Bye-law shall nominate their representatives on the General Body of BISCOMAUN and certified copies of the resolutions of the competent authorities or copies of the instrument of nomination shall be sent to the Managing Director. Such resolution/instruments should specify the period for which such nominees will continue to represent them.

## 27. Board of Directors

The Board of Directors shall in no case exceed 21(twenty one) members.

Futher that the Board may co-opt two directors in addition to 21 (twenty one) the Managing Director of BISCOMAUN shall be a ex-officio member of the Board and shall also be excluded for the purpose of counting the total number of directors specified.

The Management of the BISCOMAUN shall vest in a Board of Directors consisting of 21 (twenty one) members as below :-

i. Fifteen shall be elected from the delegates representing "A" Class Member of which, a minimum of One each shall be Women, SC & SC/OBC Candidate.

ii. Two shall be elected from the delegates representing "B" class member/

iii. One shall be representative of NCDC or one representative of NABARD or a financial institution providing loan or financial assistance to BISCOMAUN on terms and conditions mutually agreed upon.

iv. One shall be representative of a National level Cooperative Society, if is has subscribed to a minimum level of Share Capital as may be mutually agreed upon, Provided that if there are more than one National Society as member then the representation shall be by way of election from this constituency.

v. One shall be the Registrar, Co-operative societies, Bihar or his nominee.

vi. One shall be the Registrar, Co-operative Societies, Jharkhand or his nominee.

vii. Chairman and Vice-Chairman shall be elected from amongst the member of the Board of Director of Class 'A' Share Holders.

viii. Chief Executive shall be ex-officio member of the board.

27 (A)

(a) NO director of BISCOMAUN Board shall, as a director, be present in the discussion of, or vote on, any contract or arrangement entered into, or to be entered into, by or on behalf of BISCOMAUN, if he or his relative is directly or indirectly concerned or interested in such contract or arrangement and no relative of any of the sitting directors of BISCOMAUNshall be recruited as an employee including the Managing Director of BISCOMAUN.

(b) The term, "relative" with reference to Clause (a) above includes persons and individuals as provided in Explanation to sub-clause-6 to section 41 of the Act.

(c) Any director of the board who violates the provision of clause (a) above shall

be disqualified for being a member of the board and deemed to have vacated his office from the date of such meeting of the board as is referredto in the said clause(a) and such proceedings shall be deemed to be void.

27 (B) **Functional Directors**

The Board may appoint Functional Directors as per the requirement for conducting its affairs and such directors shall be excluded for the purpose of total number of directors specified in clause (1) to Bye-Law no. 27

**28.Disqualification for being a Member of the Board:**

No member of BISCOMAUN shall be eligible for being elected, nominated or co-opted or continued as a member on the Board of Directors, if he

(i) is a person against whom any amount is due under a decree, decision or order is pending recovery under the Act or bye-laws;

(ii) is retained or employed as a legal practitioner on behalf of or against the society, or on behalf or against any other society which is a member of BSICOMAUN;

(iii) has been convicted for any offence under the Act and any other Acts;

(iv) is disqualified for being a member under Section 29 of the Act;

(v) has been expelled as a member under section 30 of the Act;

(vi) absents himself from three consecutive Board meetings and such absence has not been condoned to by the Board;

(vii) absents himself from three consecutive general body meetings or the Board and such absence has not been condoned by the general body orthe Board.

(viii) fails to conduct business, to the extent as may been prescribed by the board, with BISCOMAUN for a continues period of last two years.

(ix) If he has incurred any of the disqualification under section 43 of the MSCS Act, 2002.

अनुलग्नक -04



**42. Association of employees in management decision making process**

Every multi-State co-operative society shall devise such procedure, as may be specified in the bye-laws or in the administrative instructions of such society, for the association of the representatives of employees of such multi-State co-operative societies at such level or bodies as may be specified in the bye-laws or the instructions issued in this regard, in the management decision making process.

**43. Disqualifications for being a member of board**

(1) No member of any multi-State co-operative society or nominee of a member, society or a national co-operative society shall be eligible for being chosen as, or for being, a member of the board of such multi-State co-operative society or a national co-operative society, or of any other co-operative society to which the multi-State co-operative society is affiliated, if such member—

(a) has been adjudged by a competent court to be insolvent [1][or has been a director of an insolvent company] or of unsound mind;

(b) is concerned or participates in the profits of any contract with the society;

(c) has been convicted for an offence involving moral turpitude;

(d) holds any office or place of profit under the society:

PROVIDED that the Chief Executive or such full-time employee of the society as may be notified by the Central Government from time to time or a person elected by the employees of such society to represent them on the board of such society shall be eligible for being chosen as, or for being, a member of such board;

(e) has been a member of the society for less than twelve months immediately preceding the date of such election or appointment;

(f) has interest in any business of the kind carried on by the society of which he is member;

(g) has taken loan or goods on credit from the society of which he is a member,or is otherwise indebted to such society and after the receipt of a notice of default issued to him by such society, has defaulted—

(i) in repayment of such loan or debt or in payment of the price of the goods taken on credit, as the case may be, within the date fixed for such repayment or payment or where such date is extended, which in no case shall exceed six months, within the date so extended, or

(ii) when such loan or debt or the price of goods taken on credit is to be paid in instalments, in payment of any instalment, and the amount in default or any part thereof has remained unpaid on the expiry of six months from the date of such default:

PROVIDED that a member of the board who has ceased to hold office as such under this clause shall not be eligible, for a period of one year, from the date on which he ceased to hold office, for re-election as a member of the board of the multi-State co-operative society of which he was a member or for the election to the board of any other multi-State co-operative society;

(h) is a person against whom any amount due under a decree, decision or order is pending recovery under this Act [1][or any other Act specified in the Third Schedule];

1 Inserted by the Multi-State Co-operative Societies (Amdt.) Act, 2023 (Act No. 11 of 2023), dt. 3-8-2023, w.e.f. 3-8-2023, vide SO 3493(E), dt. 3-8-2023.

(i) is retained or employed as a legal practitioner on behalf of or against the multi-State co-operative society, or on behalf of or against any other multi-State co-operative society which is a member of the former society.

*Explanation* : For the purposes of this clause, "legal practitioner" has the same meaning as in clause (i) of sub-section (1) of section 2 of the Advocates Act, 1961;

(j) has been convicted for any offence under this Act;

(k) is disqualified for being a member under section 29;

(l) has been expelled as a member under section 30;

(m) absents himself from three consecutive board meetings and such absence has not been condoned to by the board;

(n) absents himself from three consecutive general body meetings and such absence has not been condoned by the members in the general body;

[1][(o) has been disqualified under sub-section (7) of section 41.]

[1][(1A) A member who has been a director of the board of any multi-State co-operative society or co-operative bank, where such board has been superseded, shall not be eligible to be elected as director of the board of another multi-State co-operative society or co-operative bank for a period of five years, from the date of such supersession:

PROVIDED that no member shall be declared ineligible under this sub-section unless an opportunity of being heard has been given to such member by the Central Registrar and declaration for ineligibility shall be made only after ascertaining that the member concerned has been responsible by acts of omission or commission leading to such supersession.]

(2) A person shall not be eligible for being elected as member of board of a multi-State co-operative society for a period of five years if the board of such multi-State co-operative society fails—

[2][(a) to provide information, documents, personnel, funds or expenses or any other assistance as required by the Co-operative Election Authority for conducting elections under this Act in such manner as may be prescribed; or];

(b) to call the annual general meeting under section 39; or

(c) to prepare the financial statement and present the same in the annual [3][general meeting; or]

[1][(d) to make contribution to the co-operative education fund referred to in clause (b) of sub-section (1) of section 63 or the Co-operative Rehabilitation, Reconstruction and Development Fund established under section 63A; or

(e) to file annual return specified in section 120 within the time specified therein; or

(f) to get the audit of the society conducted within six months of the close of the financial year to which such account relate:

PROVIDED that before taking any action under this sub-section, he shall be given an opportunity of being heard by the Central Registrar.]

1 Inserted by the Multi-State Co-operative Societies (Amdt.) Act, 2023 (Act No. 11 of 2023), dt. 3-8-2023, w.e.f. 3-8-2023, vide SO 3493(E), dt. 3-8-2023.

2 Substituted ibid. Prior to substitution, clause (a) read as under:
"(a) to conduct elections of the board under section 45; or"

3 Substituted for "general meeting", ibid.

अनुलग्नक-05

# बिस्कोमान
**(बिहार एवं झारखण्ड)**

**(नामांकन फार्म)**

प्रपत्र–"III"

बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित (बिहार–झारखण्ड) के निदेशक मंडल (सदस्य निदेशक) का निर्वाचन
(बहुराज्य सहकारी सोसाइटी नियम, 2002 (यथा संशोधित–2023) के नियम 19(J) द्वारा निर्धारित)

1. बहुराज्य सहकारी समिति का नाम व पता — बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित, (बिहार एवं झारखण्ड) बिस्कोमान टॉवर, छठा तल, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना–800001

**उम्मीदवार**

2. प्रतिनिधि का नाम तथा सहकारी समिति अथवा बहुराज्य सहकारी समिति का नाम जिसका वह प्रतिनिधि है ............................
3. अंतिम मतदाता सूची में क्रमांक ............................
4. पता ............................
5. अंतिम मतदाता सूची में वर्ग (A अथवा B) (उपविधि की कंडिका–20 अन्तर्गत) ............................
6. निंदेशक सदस्य का आरक्षित श्रेणी अन्तर्गत दावा (बहुराज्य सह॰ अधिनियम–2002(2023) की धारा–41(3) द्वारा आरक्षित ............................

**प्रस्तावक**

7. प्रस्तावक का नाम और समिति का नाम जिसका प्रस्तावक प्रतिनिधि है ............................
8. अंतिम मतदाता सूची में क्रमांक ............................
9. प्रस्तावक के हस्ताक्षर ............................

**समर्थक**

10. समर्थक का नाम और समिति का नाम जिसका समर्थक प्रतिनिधि है ............................
11. अंतिम मतदाता सूची में क्रमांक ............................
12. समर्थक के हस्ताक्षर ............................

## उम्मीदवार की घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि बिस्कोमान में निदेशक पद के निर्वाचन में खड़े होने का/की इच्छुक हूँ और मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार मैं बहुराज्य सहकारी सोसाईटीज अधिनियम, 2002 तथा नियमों और बिस्कोमान(बिहार–झारखण्ड) की उपविधियों के अनुसार बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित, बिहार एवं झारखण्ड के निदेशक मंडल की सदस्यता के लिए निरर्हित नहीं हूँ।

दिनांकः–

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

---

## रिटर्निंग ऑफिसर का पृष्ठांकन

यह नामांकन पत्र मुझे तारीख .......................................................... को ......................................................बजे दस्ती/पंजीकृत डाक द्वारा प्राप्त हुआ।

स्थानः– ................................

तारीखः– .............................

रिटर्निंग ऑफिसर या उसके
द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

प्रपत्र–3 (क)
निर्वाचन

## नामांकन–पत्र की संवीक्षा का प्रमाण–पत्र

मैंने श्री/श्रीमती/सुश्री .......................................... अभ्यर्थी के रूप में ............................ पद पर नामांकन किया है। मैंने अभ्यर्थी एवं प्रस्तावक, समर्थक की अर्हत्ता का परीक्षण कर लिया है मैं पाता हूँ कि ये क्रमशः निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के योग्य है/अयोग्य है।

**स्थान :–**

**तिथि :–** **सक्षम पदाधिकारी का हस्ताक्षर**

.........................................................................................छिद्रण ............................................................................................

## नामांकन पत्र की प्राप्ति रसीद और संवीक्षा की सूचना

**(नामांकन प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को दी जाने के लिए)**

मैंने श्री/श्रीमती/सुश्री ........................................................................................ जो बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड), पटना के........................... पर पर निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी है, का नामांकन पत्र मुझे दिनांक ............................ को बजे पूर्वाह्न में अभ्यर्थी द्वारा परिदत्त किया गया। इस नामांकन पत्र को संवीक्षा दिनांक ..................... को बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में की जायेगी।

**तिथि :–** **सक्षम पदाधिकारी का हस्ताक्षर**

अनुलग्नक -06

# बिस्कोमान

**(बिहार एवं झारखण्ड)**

<u>बिस्कोमान निर्वाचन</u>

**शपथ–पत्र जो नामांकन पत्र के साथ दिया जायेगा)**

## (शपथ–पत्र)

मैं ......................................................................., पिता–........................................................., उम्र– ..................वर्ष, ग्राम+मो0– ......................................................................,पोस्ट–.............................. .थाना ..........................................., जिला– ..........................................., बिहार/झारखण्ड का निवासी हूँ तथा शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ :–

कि मैं अपना नामांकन पत्र बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) के विशेष आम–सभा/सामान्य निकाय के प्रतिनिधि के निर्वाचन हेतु दाखिल कर रहा हूँ/रही हूँ।

कि मैं बहुराज्य सहकारी सोसाईटी नियमावली, 2002 (यथा संशोधित) के नियम 19 और 20 एवं बहुराज्य सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 2002 की धारा 43 एवं 46 के उपबन्धों से पूर्णतः अवगत हूँ।

कि मैं बहुराज्य सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 2002 (यथा संशोधित) की धारा 29 एवं 43 के अन्तर्गत निर्वाचन हेतु अयोग्य नहीं हूँ।

कि मैं बिस्कोमान की उपविधियों के अधीन प्रतिनिधि के निर्वाचन हेतु निरर्हित नहीं हूँ।

कि मैं किसी भी सहकारी समिति का डिफॉल्टर अथवा किस्त खिलाफ नहीं हूँ।

कि मैं भविष्य में ऐसा कोई कार्य नहीं करुँगा, जिससे संस्था की छवि धूमिल हो अथवा मेरे या मेरे समिति के कारण संस्था को आर्थिक नुकसान उठाना पड़े।

कि मेरे द्वारा अंकित की गई सूचनाएँ मेरे विश्वास एवं जानकारी में सही और सत्य हैं।

कि यदि किसी भी स्तर पर बहुराज्य सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 2002 (यथा संशोधित) अथवा बिस्कोमान की उपविधि के प्रावधानों के अन्तर्गत अयोग्यता पायी जाती है, तो मेरा निर्वाचन रद्द किया जा सकेगा।

स्थानः–

दिनांकः–

शपथकर्त्ता का हस्ताक्षर

## नामांकन/अभ्यर्थी वापसी प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 01 | बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड), पटना के नामांकन से संबंधित पद का नाम :– | |
| 02 | श्रेणी/वर्ग | |
| 03 | अभ्यर्थी का – | |
| | (i). पूरा नाम (जैसा कि मतदाता सूची में है) | |
| | (ii). मतदाता सूची में क्रमांक | |
| | (iii). पिता/पति का नाम | |
| | (iv). पता | |
| | मैं, बैंक के उपरोक्त पद/सीट के लिए निर्वाचन लड़ना नहीं चाहता/चाहती हूँ और मैं बिना किसी भय, लालच, दबाव में नहीं अपने स्थिर मन से मैं अपनी उम्मीदवारी वापस लेता/लेती हूँ | |
| 4 | यह तुरंत प्रवृत्त होगा। | |

**अभ्यर्थी का हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान**

---

इस वापसी की सूचना मुझे मेरे कार्यालय में दिनांक ............... को ............. बजे पूर्वाह्न/अपराह्न से अभ्यर्थी द्वारा परिदत्त की गयी है।

**सक्षम पदाधिकारी का हस्ताक्षर**

---

### वापसी की सूचना के लिए रसीद
### (सूचना देने वाले अभ्यर्थी को दिये जाने के लिए)

मैंने श्री/श्रीमती/सुश्री ............................................. जो बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड), पटना के............................ पद के निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी है, द्वारा अभ्यर्थीता वापसी की सूचना मुझे अभ्यर्थी द्वारा मेरे कार्यालय में दिनांक .......................को .................. बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में दी गयी, जिसकी प्राप्ति स्वीकार की जाती है एवं नामांकन पत्र वापस लेने/करने की अनुमति दी जाती है।

स्थान :–

तिथि :– सक्षम पदाधिकारी का हस्ताक्षर